कामधेनू एनएक्सटी बाजार में लाएगा बदलावः सुनील

लखनऊ। फुल-स्केल, वन स्टॉप होम बिल्डिंग मैटेरियल कंपनी कामधेनू लिमिटेड ने नेक्स्ट जेरनेशन हाई-ऐंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनू एनएक्सटी लांच किया है। कामधेनू लिमिटेड के निदेशक, सुनील अग्रवाल ने यह ब्रांड लांच किया, उनके साथ मौजूद थे राधे राधे इस्पात प्रा.लि. के नवीन जैन और विजय जखोड़िया। इस मौके पर पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं आसपास के इलाकों से आए 200 से ज्यादा डीलर और वितरक भी मौजूद थे। कामधेनू एनएक्सटी एक अभिनव उत्पाद है जिसमें यह क्षमता है कि वह ढाई गुना मजबूत कॉन्क्रीट व स्टील इंटरलॉक प्रदान करते हुए नए इंजीनियर्ड रिइन्फोर्समेंट ढांचों और स्मार्ट वास्तुशिल्पीय कॉन्सेप्ट्स को और अधिक मजबूत बना सके। कॉन्क्रीट के साथ सबसे मजबूत बॉन्ड कायम करने वाले स्टील बार की आवश्यकता को देखते हुए कामधेनू एनएक्सटी विकसित किया गया है, यह न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है बल्कि ग्राहकों की किफायत संबंधी अपेक्षाओं पर भी खरा उतरता है। इस लांच की घोषणा करते हुए कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, कामधेनू एनएक्सटी को उत्तर प्रदेश में लांच करते हुए हम गौरव अनुभव कर रहे हैं। राज्य में सरकारी विकास परियोजनाओं पर नए सिरे से ध्यान दिया जा रहा है जिसके चलते बुनियादी सुविधाओं के विकास में तेजी आएगी। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, ऐक्सप्रैसवे, फ्लाईओवर और ऊंचे ढांचे पहले ही पूर्वी उत्तर प्रदेश/जुड़वां शहरों-लखनऊ व कानपुर की स्काईलाईन बदलने लगी है तथा इससे स्टील जैसे उद्योगों के लिए भारी मांग पैदा हो रही है।